आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 21.03.2025 समय : 18.30 पीएम

- देश में जल जीवन मिशन के तहत अब तक 15 करोड़ 52 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल का पानी उपलब्ध कराया गया।
- अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस पर प्रदेशभर में कार्यक्रम आयोजित–राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–प्रकृति संरक्षण में हर नागरिक ज़िम्मेदारी निभाए।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने युवा पीढ़ी से समय का पूरा सदुपयोग करने और लक्ष्य के प्रति समर्पण भाव रखने का आह्वान किया।
- प्रदेशभर में आज शीतला सप्तमी का पर्व परम्परागत श्रद्धाभाव से मनाया जा रहा है–कई स्थानों पर मेलों का आयोजन।

**000**

देश में जल जीवन मिशन के तहत अब तक 15 करोड़ 52 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल का पानी उपलब्ध कराया गया है। लोकसभा में जलशक्ति मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री सी. आर. पाटिल ने कहा कि मिशन की शुरूआत में वर्ष 2019 में केवल तीन करोड़ ग्रामीण परिवारों के पास नल के पानी के कनेक्शन थे। श्री पाटिल ने बताया कि केंद्र ने पिछली यूपीए सरकार की तुलना में पेयजल और संबंधित क्षेत्रों पर बजट में चार गुना वृद्धि की है।

000

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार की आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के दौरान जम्मू–कश्मीर में आतंकवाद के कारण होने वाली मौतों में 70 प्रतिशत कमी आई है और आतंकी घटनाओं में भी भारी कमी हुई है। राज्यसभा में आज गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा का उत्तर देते हुए श्री शाह ने कहा कि उड़ी और पुलवामा में आतंकी हमलों के दस दिन में भारत ने पाकिस्तान के विरूद्ध सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक की।

000

आज अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय है "वन और भोजन"। ये विषय वनों और वैश्विक खाद्य सुरक्षा के बीच महत्वपूर्ण संबंधों पर ज़ोर देता है। वन दिवस पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रकृति हमारे जीवन का आधार है। इसलिए इसके संरक्षण के लिए हर नागरिक को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में पेड़, प्रकृति और पहाड़ों की पूजी की जाती है तथा राजस्थान का पर्यावरण संरक्षण से पुराना नाता रहा है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वनों को बचाने और अपनी जैव–विविधता को संरक्षित करने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरा भरा और स्वस्थ राजस्थान बनाने का संकल्प लें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मिशन हरियालो राजस्थान के तहत 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत वर्ष 2024–25 में सात करोड़ पौधे लगाए गए। इस वर्ष दस करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। श्री शर्मा ने कार्यक्रम में वन विभाग द्वारा विभागीय कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए नई आईटी तकनीक के उपयोग से विकसित डिजी–वन–फोरेस्ट स्टैंक एप का शुभारम्भ किया, जो कि देशभर का पहला डिजिटल फोरेस्ट स्टेक है। साथ ही, उन्होंने सीतामाता वन्यजीव अभ्यारण्य में इको टूरिज्म फैसिलिटीज तथा केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, भरतपुर और नाहरगढ़ बायोलोजिकल पार्क में गोल्फ कार्ट सुविधा को प्रदेश की जनता को समर्पित किया। वन और पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

000

उदयपुर में आज से राष्ट्रीय दिव्य कला मेले की शुरूआत हुई। मेले का उद्घाटन राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और केंद्रीय सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने किया। दस दिवसीय इस मेले का आयोजन सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से किया जा रहा है।

मेले में देश के 20 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के सौ से ज्यादा दिव्यांग उद्यमियों और शिल्पकारों द्वारा बनाए गए उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इनमें गृह सज्जा, कपड़े और परिधान, स्टेशनरी, पर्यावरण, पैकेज्ड फूड और जैविक उत्पाद, खिलौने, आभूषण तथा हस्तकला को प्रदर्शित करते उत्पाद शामिल हैं। मेले के दौरान प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा, जिसमें दिव्यांग कलाकार प्रस्तुति देंगे।

000

उपमुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने राजस्थान दिवस की तैयारियों को लेकर आज जयपुर में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने पर्यटकों की सुविधा के लिए ऑनलाइन ऐप जल्द तैयार करने को कहा, ताकि पर्यटकों को सभी तरह की जानकारी मिल सके। दिया कुमारी ने विभाग से सम्बंधित बजट घोषणाओं पर चर्चा कर उनके समय पर क्रियान्वयन के निर्देश दिए। मंत्री ने गोविन्द देव जी मंदिर के सौंदर्यकरण और जीर्णोद्धार के उद्देश्य से आज मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण भी किया। उन्होंने मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आधारभूत सुविधाओं का विकास करने को कहा।

000

राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने युवा पीढ़ी से समय का पूरा सदुपयोग करने और लक्ष्य के प्रति समर्पण भाव रखने का आह्वान किया है। जोधपुर में जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से सम्पन्न भारत के निर्माण के प्रति कृतसंकल्प होकर काम करने को कहा।

दीक्षांत समारोह से केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत वर्चुअली जुड़े। इस अवसर पर श्री शेखावत ने उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल और सफल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र को संस्कृति, शिक्षा और इतिहास के क्षेत्र में समृद्ध करने में विश्वद्यालयों का योगदान महत्वपूर्ण है। समारोह में कुल 51 हजार 402 उपाधियों का अनुमोदन किया गया। इसमें स्नातक स्तर की 46 हजार 188 और स्नातकोत्तर की 5 हजार 214 उपाधियां शामिल हैं। राज्यपाल ने कार्यक्रम में 60 गोल्ड मेडल प्रदान किए गए। साथ ही 187 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि दी गई।

000

आज विश्व कठपुतली दिवस है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया में अपने संदेश में कहा कि राजस्थान में न केवल कठपुतली कला का एक समृद्ध इतिहास है, बल्कि यह सांस्कृतिक धरोहर का एक अभिन्न अंग भी है। उन्होंने प्रेदशवासियों से इस अनमोल कला विरासत को संरक्षित और संवर्धित करने में अपना योगदान देने का आह्वान किया। श्री शर्मा ने कहा कि कठपुतली कला को गर्व से आगे बढ़ाना चाहिए।

000

केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय सवाईमाधोपुर की ओर से आज सेवंती खुर्द में सरकारी योजनाओं से जुड़ी प्रदर्शनी लगाई गई। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में हुए कार्यक्रम में ब्यूरो प्रभारी नेमीचंद मीणा ने केंद्र सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में स्वच्छता की जानकारी देते हुए उपभोक्ताओं के अधिकारों और हितों की रक्षा के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान प्रश्नोत्तरी का आयोजन हुआ। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

000

श्रीगंगानगर में भारत–पाक रावला बॉर्डर पर बीएसएफ–पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 15 करोड़ रुपए की 3 किलो हेरोइन बरामद की। सर्च अभियान के दौरान 12 केएनडी गांव के चक 3 के एन इलाके में दो पैकेट्स में ये हेरोइन बरामद हुई। डीआईजी और एसपी गौरव यादव ने कहा कि नशा तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत ये कार्यवाही की गई।

000

ब्रज क्षेत्र डीग में हुरंगा महोत्सव मनाया जा रहा है। होली के बाद 9 दिन तक चलने वाले इस महोत्सव में ब्रज के हुरियारे और हुरियारिनें होली खेलते हैं। हमारी संवाददाता ने बताया कि मुख्य बाजार स्थित लक्ष्मण मंदिर में हुए आयोजन में ब्रजवासी उल्लासित नजर आ रहे हैं।

000

प्रदेशभर में आज शीतला सप्तमी का पर्व परम्परागत श्रद्धाभाव से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर महिलाओं ने सजधज कर अलसुबह मंदिरों में शीतला माता की पूजा अर्चना की और उन्हें ठण्डे पकवानों का भोग लगाया। ये पर्व चैत्र मास की कृष्ण पक्ष की सप्तमी और अष्ठमी को मनाया जाता है। इस मौके पर विभिन्न स्थानों पर मेले भर रहे हैं। जयपुर के चाकसू में शील डूंगरी स्थित शीतला माता मंदिर में भर रहे मेले में दूर–दूर से श्रद्धालु पहुंचे हैं। बालोतरा जिले के कनाना ग़ांव में शीतला सप्तमी का वार्षिक मेला भरा। हजारों श्रद्धालुओं ने शीतला माता के दर्शन किए। मेले में गेर दलों ने नृत्य कर लोक कला और संस्कृति की छटा बिखेरी। मेले में धर्म सभा का भी आयोजन हुआ। बाड़मेर के गुड़ामालानी में भेडाणा स्थित शीतला माता के मंदिर पर भी मेला भर रहा है। राजसमंद में शीतला सप्तमी पर परम्परानुसार रंगों से होली खेली गई। शहर के धोइंदा, राजनगर और कांकरोली क्षेत्र में इसके आयोजन हुए। भीलवाड़ा शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में रंग गुलाल खेल कर व्यंजनों का आनन्द लिया गया। वर्षों से चली आ रही परम्परा के अनुसार शहर में जीवित व्यक्ति को अर्थी पर लेटा कर शव यात्रा निकाली गई।

000